प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

22.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कल सरकार के 100 दिवसीय सघन तपेदिक उन्मूलन अभियान पर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों और स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ वर्चुअल बैठक की। श्री नड्डा ने अभियान की प्रगति की निगरानी के लिए मुख्यमंत्रियों से सहयोग का अनुरोध किया।

.....................................................

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में राजस्थान के जैसलमेर में कल वस्तु एवं सेवा कर परिषद की 55वीं बैठक संपन्न हुई, जिसमें वस्तु एवं सेवा कर से जुड़े कई अहम फैसले लिए गए। बैठक में राज्यों के मुख्यमंत्रियों, उपमुख्यमंत्रियों, वित्त मंत्रियों और वित्त मंत्रालय के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। प्रदेश की ओर से नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी इस इस बैठक में शामिल हुए।

बैठक के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए सीतारामन ने कहा कि जीएसटी परिषद ने फोर्टिफाइड चावल पर कर की दर को घटाकर पांच प्रतिशत करने का निर्णय लिया है और पहले से पैकेट बंद तथा लेबल वाली वस्तुओं की परिभाषा में संशोधन की सिफारिश की है।

.....................................................

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि सरकार सिर्फ नीड बेस्ड नए संस्थान खोल रही है और भविष्य में भी इसी आधार पर संस्थान खोले जाएंगे। विधानसभा सत्र के कल अन्तिम दिन प्रश्नकाल के दौरान भाजपा विधायक रणधीर शर्मा के सवाल के जवाब में उन्होंने ये बात कही।

.....................................................

सुशासन सप्ताह के अंतर्गत मंडी जिले की ग्राम पंचायत सेरी में आज एक शिविर का आयोजन किया जाएगा। एसडीएम करसोग गौरव महाजन ने बताया कि सुशासन सप्ताह के अंतर्गत आम जनता की समस्याओं को सुनकार मौके पर ही निपटारा करने का प्रयास किया जायेगा वहीं राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं के बारे में संबंधित विभागों के अधिकारियों के माध्यम से जानकारी दी जाएगी । उन्होंने लोगों से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

.....................................................

कुल्लू के मालरोड पर विंटर कार्निवाल की तर्ज पर 25 से 31 दिसम्बर तक कुल्लू महोत्सव का आयोजन किया जा जाएगा। नगर परिषद कुल्लू के कार्यकारी अधिकारी अनुभव शर्मा ने बताया कि इसमें हिमाचली कलाकार, स्कूली छात्र–छात्राएं अपनी प्रस्तुतियां देंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से जिले में पर्यटकों की आवाजाही बढ़नी और यहां के लोगों के कारोबार में भी वृद्धि होगी।

....................................................

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों चंबा, कुल्लू, सोलन, शिमला व जनजातीय क्षेत्र किन्नौर में आज हल्की धूप के बीच बादल छाए हुए हैं। प्रदेश में शीतलहर के कारण निचले इलाकों में धुंध और कोहरा छाया हुआ है। राज्य में शुष्क मौसम के चलते किसानों व बागवानों की दिक्कतें बढ़ गई हैं। कुछ क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान शून्य के आसपास पहुंच गया है। मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों में ऊंची चोटियों पर बर्फबारी की संभावना और शीतलहर का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। घने कोहरे के कारण पिछले तीन दिनों से कुल्लू के भुंतर हवाई अड्डे से उड़ानें संचालित नहीं हो पा रही हैं।

....................................................

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से...........

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने प्रदेश विधानसभा से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला ने मुख्यमंत्री के हवाले से शीर्षक दिया है– केन्द्र ने आपदा के 9 हजार 9 सौ 77 करोड़ न दिए तो सुप्रीम कोर्ट जाएगी सरकार। पंजाब केसरी के शब्द है–बढते राजस्व व राजकोषीय घाटे के कारण दबाव में हिमाचल की आर्थिकी। दैनिक जागरण लिखता है– 2 वर्ष में 18 सौ 65 संस्थान बंद करने पर नोकझोंक, सदन से बाहर आया विपक्ष। दिव्य हिमाचल के शब्द हैं– सरकारी दफतर बंद करने पर हंगामा, शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन टकराव, विपक्ष का वॉक आउट।

मौसम से जुड़ी खबर पर दैनिक भास्कर के शब्द हैं– अजब सुर्ख सर्दी , तापमान माइनस में, शीतलहर लेकिन बर्फ का सूखा।

....................................................